रोहतक

मंगलवार, 3 जून 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 123
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 41.0
न्यून. 21.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,373.75 | 77.26 ▼ |
| निफ्टी | 24,716.60 | 34.10 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,930 /- | 330/- ▲ |
| चांदी | 1,00,100/- | 100/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.39 | 16 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 64.94/ बैरल | 3.44% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

सभी की निगाहें कोहली की टीम पर टिकीं

# आईपीएल ट्रॉफी का 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु और पंजाब

- कोहली अब तक टीम को खिताब नहीं जीता पाए
- श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम भी कम नहीं

**अहमदाबाद (भाषा)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमों का ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक टीम को चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। वहीं श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स भी कम नहीं है। वह भी ट्राफी जीतने को बेकरार है। दूसरी तरफ, फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को बुलाया है। (खेल पेज भी देखें)



**फ्लाइट्स का किराया 25000 तक पहुंचा**

सोमवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई व चंडीगढ़ से अहमदाबाद आने वाली फ्लाइट्स का किराया 25000 तक पहुंच गया है। सामान्य दिनों में यह 3500 से 5000 तक रहता है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 80000 टिकट बिक चुके हैं। अहमदाबाद स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 1.32 लाख है। 25,000 सीटें रिजर्व रखी गई हैं।



**आरसीबी ने अच्छा प्रदर्शन किया**

आरसीबी ने इस बार शुरू से अंत तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई।

**पंजाब भी ट्राफी जीतने के लिए बेकरार**

पहले क्वालीफायर में आरसीबी से हार के बावजूद श्रेयस की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने 11 साल पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। कप्तान अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है। प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं।

जेईई-एडवांस्ड का नतीजे घोषित : कुल, 54378 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

# कोटा के रजित गुप्ता टॉप, हिसार के जिंदल दूसरे स्थान पर, देवदत्ता महिलाओं में टॉपर

**नई दिल्ली/हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली जोन के रजित गुप्ता ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस में शीर्ष रैंक हासिल किया है। वहीं, हिसार के सक्षम जिंदल दूसरे स्थान पर रहे। इस इम्तिहान के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के लिए इस बार आयोजन करने वाले संस्थान आईआईटी कानपुर के अनुसार 18 मई को आयोजित जेईई (एडवांस्ड) में पेपर एक और दो दोनों में कुल 1,80,422 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 54,378 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से 9404



रजित गुप्ता



सक्षम जिंदल



देवदत्ता मांझी

छात्राएं हैं। कोटा निवासी रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वहीं सक्षम को भी 360 में से 332 अंक मिले और वह दूसरे स्स्थान पर रहे। आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी शीर्ष रैंक हासिल करने वाली महिला अभ्यर्थी हैं। उन्होंने 360 में से 312 अंक तथा सीआरएल में 16वां स्थान प्राप्त किया।

**शीर्ष पर दिल्ली मुबई जोन**

शीर्ष 100 अभ्यर्थी में से 31-31 मुंबई और दिल्ली जोन से हैं, जबकि 23 आईआईटी हैदराबाद जोन से हैं। कानपुर जोन से शीर्ष 100 में 4 अभ्यर्थी, खड़गपुर से 5 और रुड़की से 6 अभ्यर्थी हैं।

**जुनून और जिद्द मंजिल तक पहुंचाती है : सक्षम**

हिसार के सेक्टर-14 में रहने वाले सक्षम जिंदल ने जेईई एडवांस में देश में दूसरा रैंक हासिल करके हिसार का नाम रोशन किया है। सक्षम ने 332 का स्कोर किया। सक्षम का लक्ष्य आईआईटी मुंबई में कंप्यूटर इंजीनियरिंग करना है। पिछले दो साल से सक्षम कोटा में ही कोचिंग इस्टीच्यूट में पढ़ रहा था। सक्षम के पिता डॉ. उमेश जिंदल पैथोलॉजिस्ट हैं और मां डॉ. अनीता जिंदल भी डॉक्टर हैं। सक्षम जिंदल ने जेईई मैन्स में पूर्ण 100 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल कर ऑल इंडिया रैंक में 10वां स्थान प्राप्त किया था। सक्षम का कहना है कि जिंदगी में जुनून और जिद्द व्यक्ति को उसकी मंजिल तक अवश्य पहुंचाती है।






## पूर्वोत्तर में भारी बारिश और लैंडस्लाइड से अब तक 38 की मौत

# सिक्किम में भूस्खलन से आर्मी कैंप तबाह, 3 जवान शहीद, 6 लापता

एजेंसी ▶▶| मंगन

सिक्किम के मंगन जिले के छातेन में रविवार रात को हुए भूस्खलन की चपेट में एक आर्मी का शिविर आ गया। इस भीषण हादसे में 3 जवान शहीद हो गए, जबकि 6 अन्य लापता हैं। शहीदों में हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मुनिश ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखड़ा शामिल हैं। तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सेना ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे 1000 से ज्यादा टूरिस्टों को भी सोमवार को बचा लिया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 38 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 11, अरुणाचल प्रदेश में 10, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में 5 और त्रिपुरा में एक व्यक्ति की मौत हुई है। राहत और बचाव के लिए सेना और एयरफोर्स तैनात की है।

**लाचेन और लाचुंग में फंसे एक हजार से ज्यादा पर्यटक बचाए गए सेना-वायुसेना बचाव अभियान में जुटी**



**असम में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 15 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।**

### भूस्खलन के कारण सड़कें बंद

मंगन के पुलिस अधीक्षक सोनम डेचु भूटिया ने इस मामले में बताया है कि कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण सड़कें बंद हो गई। पर्यटकों को अपने होटलों में रहने की सलाह दी गई है। सिक्किम में में फंसे पर्यटकों को पुलिस, वन कर्मियों और लाचुंग होटल एसोसिएशन की कोशिश से निकाला जा रहा है। इससे पहले बताया गया था अकेले सिक्किम में बाढ़ के कारण 32 लोगों की मौत हो गई। हांलाकि इस आंकड़े की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सिक्किम सरकार ने हालात को देखते हुए मंगन के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी में बहुत ज्यादा पानी भर गया, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय सेना, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

## प्रदेश में मई में उम्मीद से ज्यादा बारिश, 17 साल का रिकॉर्ड टूटा

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में लगातार तीसरे दिन भी कई जिलों में आंधी चली और बारिश हुई। सोमवार को तेज आंधी के बाद भिवानी, हिसार, सिरसा, जींद, फतेहाबाद और नारनौल बूंदाबांदी हुई। इससे मौसम में ठंडक बनी रही। मौसम विभाग ने 15 जिलों में बारिश और आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, कैथल, जींद, महेंद्रगढ़, रोहतक, रेवाड़ी, झज्जर, फरीदाबाद, नूंह, पलवल, गुरुग्राम शामिल हैं। मौसम विभाग ने 23 मई से 29 मई तक का बारिश का आंकड़ा जारी करते हुए कहा कि इन 7 दिनों में प्रदेश में 60 फीसदी अधिक बारिश हुई है। मई में हरियाणा में उम्मीद से ज्यादा बारिश हुई। करीब 17 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले 2008 में मई में 72.1 मिलीमीटर (एमएम) बारिश हुई थी, लेकिन इस बार मई महीने में 59.7 एमएम बारिश हुई है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के मुताबिक इस बारिश से अब काफी हद तक लू का असर खत्म हो जाएगा।

- 23 मई से 29 तक 60 फीसदी अधिक बारिश
- सोमवार को भी छह जिलों में बारिश हुई, तेज आंधी चली

**आज इन जिलों में बारिश के आसार**

मंगलवार को 16 जिलों में बारिश के आसार हैं। राजस्थान से सटे इलाकों सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, मेवात के अलावा फरीदाबाद, पलवल, पंचकूला, यमुनानगर और अंबाला में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## महेंद्रगढ़ में कुआं पूजन से लौट रहे 4 युवकों की मौत









हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना/महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़-कनीना-कोसली स्टेट हाईवे नंबर-24 पर उन्हाणी के पास रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन से क्षतिग्रस्त सड़क पर लगाए आरसीसी टाइल पर अनियंत्रित हुई कार एक हाइवा में जा घुसी। इस भीषण हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई। यह हादसा रविवार रात करीब 2 बजे हुआ। पुलिस ने हाइवा में कार को निकालने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। हादसे के करीब साढ़े चार घंटे बाद दो क्रेन व कटर मशीन से कार को काटकर निकाला गया। चारों के शवों को उप नागरिक अस्पताल कनीना पहुंचाया। मरने वाले में गौरव (28), सचिन (26)वासी शिकोहपुर गुरुग्राम, कंवरपाल उर्फ मोनू (26) वासी गुरुग्राम और अंकित (28) वासी सहारनपुर यूपी शामिल हैं। कार से कुआं पूजन समारोह में मिले लड्डू बिखर गए। जिसे देखकर माहौल संवेदनशील हो गया।

**कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे 24 पर हाइवा में घुसी अनियंत्रित कार**

**निम्भेड़ा से लौट रहे थे**

चारों युवक रविवार को निम्भेड़ा गांव में गौरव की बुआ की लड़की के यहां आयोजित कुआं पूजन समारोह से वापस लौट रहे थे। गौरव व सचिन आपस में चाचा भतीजा हैं। कवंरपाल व गौरव प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करते थे। सहारनपुर वासी अंकित गुरुग्राम में किसी लैब में काम करता था। गाड़ी गौरव चला रहा था।

**हादसों को लेकर चर्चा में आया उन्हाणी गांव**

उन्हाणी गांव सड़क हादसों को लेकर पिछले दिनों से चर्चा में रहा है। बीते वर्ष कनीना दादरी मार्ग पर स्कूल बस सड़क हादसे के समय उन्हाणी गांव की तस्वीर प्रदेश के नक्शेपटल पर उभरी थी। जिसमें छह विद्यार्थियों की मौत हो गई थी। थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि सुरेश कुमार वासी शिकोहपुर की शिकायत पर हादसे के आरोपित वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

**खबर संक्षेप**

### हरियाणा बोर्ड ने जारी की 10वीं-12वीं की डेटशीट

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षा की कंपार्टमेंट और अंक सुधार परीक्षाएं जुलाई में आयोजित करवाई जाएंगी। इसके लिए डेटशीट जारी कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. डॉ. पवन कुमार व सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) की कम्पार्टमेंट की परीक्षा 4 जुलाई, जबकि सेकेंडरी (शैक्षिक) की कम्पार्टमेंट, पूर्ण विषय एवं अंक सुधार परीक्षाएं 5 से 14 जुलाई तक होंगी। समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। *हरिभूमि न्यूज*

### यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने की तुलना में 5% अधिक है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। भाषा

### नीट-पीजी की 15 को होने वाली परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** एनबीईएमएस ने 15 जून को होने वाली नीट-पीजी की परीक्षा को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है। ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी नोटिस के अनुसार परीक्षा के लिए नया शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। बता दें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि परीक्षा एक ही पाली में करवाई जाए। इसके लिए जरूरी हो तो और समय लिया जा सकता है। एजेंसी

केंद्र के निर्देश, फैसला 16 से लागू

### आरटीआई आवेदनों के लिए अब ओटीपी से ई-मेल सत्यापन होगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र 16 जून से सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत सभी आवेदनों के लिए 'वन-टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) के माध्यम से ई-मेल सत्यापन व्यवस्था पर अमल करेगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य नागरिकों की गोपनीयता और डेटा सुरक्षा को और सशक्त करना तथा पोर्टल के साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना है। नागरिक संबंधित पोर्टल के माध्यम से आरटीआई आवेदन दायर कर सकते हैं।

**नागरिकों की गोपनीयता और डेटा सुरक्षित होगा**

प्रदेश में 16 जून से लागू होगा फैसला

### स्वास्थ्य विभाग में जियो-फेंसिंग आधारित हाजिरी लागू की जाएगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जियो-फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रबंधन प्रणाली लागू की जाएगी। एनएचएम हरियाणा द्वारा विकसित यह नई प्रणाली प्रबंधन में जवाबदेही व पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बनाई है। कर्मचारियों को 'जियोफेंस्ड अटेंडेंस एचआरवाई' ऐप डाउनलोड करना होगा, जो गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड के लिए) और ऐप्पल एप स्टोर (आईओएस के लिए) से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

**जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

### गर्भपात चाहने वाली रेप पीड़िताओं से पहचान पत्र न मांगे अस्पताल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के अस्पतालों से कहा है कि वे अदालतों के आदेश पर गर्भपात कराने की मांग करने वाली बलात्कार पीड़िताओं से पहचान पत्र मांगने से बचें। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ऐसी पीड़िताओं, विशेषकर नाबालिगों के लिए स्पष्ट, व्यावहारिक व संवेदनशील चिकित्सा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता पर भी बल दिया। अदालत ने कहा कि प्रक्रियाओं में स्पष्टता का अभाव, पहचान दस्तावेजों पर जोर तथा अल्ट्रासाउंड जैसी चिकित्सा जांच में देरी न करें।

**प्रक्रियाओं में स्पष्टता का अभाव न रखें**

बिरसामुंडा एयरपोर्ट पर उतारा विमान

### इंडिगो की फ्लाइट से टकराया गिद्ध, रांची में आपात लैंडिंग

**रांची (भाषा)।** रांची के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट को पक्षी टकराने की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना सोमवार दोपहर 1.14 बजे हुई। विमान में 175 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि फ्लाइट जब रांची एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर थी, तभी उससे गिद्ध टकरा गया। हादसा जिस समय हुआ, विमान 4000 फीट की ऊंचाई पर था। गिद्ध के टकरने पर पायलट को 40 मिनट तक विमान को हवा में रखना पड़ा। इसके बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई।

**विमान में 175 यात्री सवार थे, बाल-बाल बचे**

अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप केस में उम्रकैद

### जज बोलीं-दोषी को कम से कम 30 साल तक जेल में रहना चाहिए

**चेन्नई (एजेंसी)।** अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप मामले में अदालत ने सोमवार को दोषी ज्ञानशेखरन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले दिसंबर में 19 वर्षीय छात्रा के साथ रेप मामले में सजा सुनाते हुए दोषी पर 90,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को कम से कम 30 साल तक जेल में रहना चाहिए। उस पर कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। जज ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें सोमवार को सजा सुनाई।

**90 हजार का जुर्माना भी लगाया**

**बदलाव** ओएसडी राज नेहरू को भी सौंपी गई तीन विभागों की जिम्मेदारी

# सीएमओ में विभागों का फिर बंटवारा, अब खुल्लर के पास रहेगा 16 विभागों का जिम्मा

**खुल्लर पहले सीएमओ में 21 विभाग देखते थे, 5 महकमों का प्रभार दूसरे अफसरों को दिया**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सीएम ऑफिस (सीएमओ) में एक बार फिर विभागों का बंटवारा हुआ है। इस बार सीपीएस सीएम राजेश खुल्लर से कुछ विभाग लेकर हाल ही में ओएसडी सीएम बने राज नेहरू को दिए गए हैं। लेकिन इसके बावजूद भी खुल्लर पावरफुल बने रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्य प्रमुख सचिव राजेश खुल्लर के पास में अब 16 विभाग रहेंगे। पहले उनके पास 21 विभाग थे। साथ ही सीएमओ में मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू की एंट्री भी हो गई है। सेवानिवृत्त आईएएस राजेश खुल्लर पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के वक्त से प्रिंसिपल सेक्रेटरी के तौर पर काम कर रहे हैं। उनकी गिनती राज्य के पावरफुल ब्यूरोक्रेट के तौर पर होती रही है। खुल्लर पहले सीएमओ में 21 विभाग देखा करते थे और अब 16 विभाग देखेंगे। उनके 5 महकमों का प्रभार दूसरे अफसरों को दे दिया है।

**खुल्लर के पास ये विभाग**



खुल्लर सीएमओ में पहले की तरह ओवरऑल प्रभारी बने रहेंगे। उनके पास 16 विभाग रहेंगे। इन में आयुष, ऊर्जा, न्याय प्रशासन, उत्पाद शुल्क और कराधान, वित्त, संस्थागत वित्त और ऋण नियंत्रण और योजना, स्वास्थ्य, होम, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना, जनसंपर्क, भाषाएं और संस्कृति, सामान्य प्रशासन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, आतिथ्य एवं सतर्कता, सिंचाई और जल संसाधन, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी, राजभवन मामले, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, नगर एवं ग्राम नियोजन और शहरी संपदा, मुख्यमंत्री कार्यालय, विधायी कार्य से संबंधित सभी मामले शामिल हैं।

**राज नेहरू को जिम्मेदारी**



सीएम के ओएसडी राज नेहरू के पास 3 विभाग होंगे, जिनमें फ्यूचर डिपार्टमेंट, हायर एजुकेशन, यूथ एम्पावरमेंट और आंत्रप्रेन्योरशिप शामिल हैं।

**पीएस सीएम गुप्ता**

आईएएस अरुण कुमार गुप्ता के पास 11 विभाग हैं। इसमें सिविल एविएशन, कॉपोरेशन, क्रिड, पर्यावरण, जंगल वाइल्ड लाइफ, फूड, सिविल सप्लाई, कंज्यूमर अफेयर, जेल, माइनिंग, पब्लिक वर्क्स, सोशल जस्टिस, इम्पावरमेंट, अनुसूचित जाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग वेलफेयर से जुड़े काम, ट्रांसपोर्ट, अर्बन लोकल बॉडीज और मुख्यमंत्री की घोषणा

▶▶ शेष पेज 4 पर

**तैयारी** अंतरराष्ट्रीय परिवहन संघ की 81वीं बैठक में बोले पीएम मोदी

# विमानन क्षेत्र में निवेश के बेहतरीन अवसर, 2030 तक एमआरओ खंड का आकार 4 अरब डॉलर होगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक विमानन कंपनियों से भारत में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव (एमआरओ) खंड का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने देश में भरोसेमंद नीतियों का जिक्र करते हुए कहा, 'वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार हैं बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं।' देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

**भारत नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक**

### बड़े निवेश के लिए तैयार



भारत नागर विमानन क्षेत्र में बड़े निवेश के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम चाहते हैं कि दुनिया भारत को न केवल एक विमानन बाजार के रूप में देखे, बल्कि एक मूल्य श्रृंखला के प्रमुख देश के रूप में भी देखे... हमारी दिशा सही है, हमारी गति सही है... इसलिए, हमें भरोसा है कि हम तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे।'

**हवाई अड्डों की संख्या 162 हुई**

मोदी ने कहा, 'भारत विश्व स्तरीय हवाई अड्डों में निवेश कर रहा है और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है। आज, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'उड़ान' योजना की सफलता भारतीय नागर विमानन क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय है।

# कल्लू ने चीरा पहाड़ का सीना, 'तलइया' की बदौलत बेजुबानों की बचेगी जान


## 4000 फुट ऊंचे पहाड़ पर करीब 95 फुट लंबी, 90 फुट चौड़ी व 35 फुट गहरी जोहड़ी तैयार कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पहाड़ सी समस्याओं को देख कर हर कोई जीवन की डगर से वापस मुड़ जाता है,लेकिन 93 वर्षीय गांव अटेला कला के तेल्लूराम ने इस कहावत को उल्टे पांव चलने पर मजबूर कर दिया। कल्लुराम ने ऐसा कारनामा दिखाया कि सुनने वाले भी दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर हो गए। कल्लुराम ने 4000 फुट की ऊंचे पहाड़ का सीना चीर कर उस पर 95 फुट लंबे,90 फुट चौड़े तथा 35 फुट गहरा गड्ढा तैयार कर डाला। पहाड़ पर गहरा गड्ढा खोदना भी असंभव सा लगता है पर कल्लूराम ने बड़े साइज का गड्ढा खोदकर वहां पर एक तलइया (जोहड़ी ) तैयार कर दी। ताकि बारिश के दिनों में उक्त तलईयां में बारिश का पानी जमा हो जाए और पहाड़ पर आश्रय लेने वाले पक्षी, जीव व जंतु इस तलइयां में पहुंचकर अपना हलक तैर कर सके। उनकी यह मेहनत पूरी जिंदगी की जमा पूंजी है।

### अब पहाड़ पर आश्रय लेने वाले पक्षी, जीव व जंतु तलइयां में प्यास बुझाएंगे


भिवानी। अटेला के पहाड़ में बनाई गई बारिश का पानी जमा के लिए जोहड़ी।


भिवानी। अटेला कला निवासी कल्लुराम का सम्मानित करते हुए।

### पक्षियों व पशुओं की पानी के लिए व्याकुलता देख जागी तलइया तैयार करने की लग्न

कल्लूराम बताते है कि वे गांव में पशुओं को चराने का कार्य करते थे। जब उनकी 18 वर्ष की आयु थी। तब वे पहाड़ पर पशुओं को चराने के लिए जाते थे। दोपहरी के वक्त पानी के अभाव में जीव व जंतु ज्यादा व्याकुल नजर आते थे। कई बार तो वे जीव व जंतुओं के लिए अपने सिर पर मटका रख कर पहाड़ पर पानी पहुंचाते थे। वहां पर पक्षी व पखेरू के लिए पानी के सिकारे आदि रखते और उनमें मटके से पानी डालते। उसके बाद उनको एक दिन पहाड़ के उपर ही छोटी जोहड़ी तैयार करने की सूझी। उन्होंने पहाड़ का सीना काटकर जोहड़ी का कार्य शुरू किया। हालांकि रोजाना वह पशुओं को चराने के बाद जो समय मिलता। उसमें ही पहाड़ को काटने का कार्य करता। कल्लुराम ने 4000 फुट ऊंचे पहाड़ पर करीब 95 फुट लंबी, 90 फुट चौड़ी व 35 फुट गहरी जोहड़ी तैयार कर दी। जब भी बारिश आई तो आसपास के पूरे पहाड़ का पानी उसी जोहड़ी में जमा हो गया। जिससे पहाड़ पर रहने वाले पशु व पखेरू पानी पीकर निहाल हो गए। लीगल सेल के अध्यक्ष अजय भुक्कल एडवोकेट प्रभारी एडवोकेट राजेंद्र सूई, सुमन दहिया,संदीप चौपड़ा, वेद प्रकाश भारतीय, कुंदन चौधरी, कुलदीप,भजनलाल, सुंदर दिनोद, विनोद, स्नेहा गुजरानी एडवोकेट, अरविंद बेरान एडवोकेट ,प्रशांत बामला, रामजीलाल भिवानी ,सतबीर नम्बरदार आदि मौजूद थे।

### हरियाणा जागृति मोर्चा ने किया सम्मानित

अटेला कला निवासी कल्लुराम की इस बेमिसाल उपलब्धी को देखते हुए हरियाणा जागृति मोर्चा की लीगल सेल ने सचिवालय स्थित चैम्बर परिसर में एक कार्यक्रम आयोजन किया और कल्लुराम को फूलों की माला पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान मोर्चा की लीगल सेल ने कल्लुराम को एक प्रशंसा पत्र भी दिया। इस मौके पर हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने केंद्र सरकार से इस तरह की शख्सियत को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए। ताकि आने वाले पीढियों को इस तरह की उपलब्धी देने वालों के बारे में जानकारी मिल सके।

## खबर संक्षेप

### फर्जी शादी गैंग का सरगना गिरफ्तार

**डबवाली।** डबवाली में राजस्थान पुलिस ने रेड की और एक फर्जी शादी गैंग के सरगना (दलाल) को गिरफ्तार किया है। रेशम सिंह नामक यह व्यक्ति मूल रूप से बठिंडा का निवासी है और हाल ही में वह सुंदर नगर डबवाली में किराये के मकान में रह रहा था। राजस्थान पुलिस को उक्त आरोपी की एक फर्जी शादी के मुकदमे में तलाश थी जिसमें रेशम सिंह पीओ घोषित है। राजस्थान पुलिस के अधिकारी के मुताबिक आरोपी रेशम सिंह के खिलाफ राजस्थान में मामला दर्ज था।

### ट्रक से 25 किलो 64 ग्राम चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशा तस्करों पर बड़ी कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सेल टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में मनदीप सिंह वासी बानिया जिला तरनतारण पंजाब को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 25 किलो 64 ग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। मामले में पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है।

## स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सोमवार को 279 सैंपलों की जांच की गई

# पांव पसार रहा कोरोना, 18 और मरीज मिले, अब तक 70 लोग पॉजिटिव

- 24 घंटों में गुरुग्राम-करनाल में पांच-पांच, फरीदाबाद में चार, अंबाला में दो तथा झज्जर और सोनीपत में एक-एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को प्रदेश में 279 लोगों के सैंपल लिए गए, जिनमें 18 लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव मिली है। पिछले 24 घंटों में गुरुग्राम और करनाल में पांच-पांच, फरीदाबाद में चार, अंबाला में दो तथा झज्जर और सोनीपत में एक-एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिले हैं। प्रदेश में अभी तक नौ जिलों में कुल 70 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 26 ठीक हो चुके हैं। अब तक सबसे ज्यादा गुरुग्राम में 28, फरीदाबाद में 21 और करनाल में 11 मरीज मिले हैं। पंचकूला में चार, अंबाला में दो और यमुनानगर, हिसार, सोनीपत व झज्जर में एक-एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई। राहत की बात यह कि वर्तमान में किसी मरीज को अस्पताल में दाखिल नहीं कराना पड़ा है। सभी लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।



### स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है। लोगों से मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और नियमित रूप से हाथ धोने की अपील की गई है। विभाग ने टेस्टिंग और कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग पर भी जोर दिया है ताकि नए मामलों की पहचान जल्द हो सके। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने और भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी है। टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए भी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### इन जिलों में आए नए मामले

सोमवार को 279 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें गुरुग्राम में 5, फरीदाबाद में 4, करनाल में 5, झज्जर में 1, अंबाला में 2 और सोनीपत में 1 नया मामला दर्ज किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जांच और निगरानी बढ़ा दी है ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके।

### हल्के में न लें ये लक्षण

विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना को फिलहाल हल्के में ना लें। यदि लक्षण दिखाई देते हैं तो सतर्कता बरतें। ऐसा करने से घर के बुजुर्ग और गंभीर मरीज सुरक्षित रह सकते हैं। डॉक्टर का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद या देखने में आया है कि लोगों में छोटी बीमारियां भी लंबे समय तक चल रही हैं। खांसी, जुखाम, बुखार, सांस लेने में दिक्कत सहित हल्के लक्षण भी महीनों तक मरीजों को परेशान कर रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि यदि किसी में कोविड के लक्षण दिखाई देते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें। उचित इलाज कराएं। साथ ही कोविड नियमों का पालन करें। ऐसा करने से वह खुद भी सुरक्षित रहेंगे और समाज के दूसरे लोगों को भी सुरक्षित रख सकेंगे।

## दुष्कर्म के केस से नाम हटवाने को लेकर मांगे तीन लाख

# महिला व उसके दोस्त को 50 हजार लेते दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। थाना शहर पुलिस द्वारा काबू की गई महिला व उसका दोस्त।

पुलिस ने दुष्कर्म के केस से नाम हटवाने को लेकर एक महिला व उसके दोस्त को 50 हजार रुपये लेते काबू किया है। शहर थाना की प्रभारी इंस्पेक्टर गीता रानी ने बताया कि अप्रैल 2025 में शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने शहर थाना में नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगा शहर निवासी एक युवक सहित तीन आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया था। इस केस को वापस लेने की मांग पर महिला ने आरोपी युवक से करीब तीन लाख रुपये की मांग की थी। यही नहीं आरोपी महिला युवक से 80 हजार रुपये ले चुकी थी। इसके बाद ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर आरोपी युवक की पत्नी ने शहर थाना में महिला के खिलाफ ब्लैकमेल की शिकायत दी थी। सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी युवक को 50 हजार रुपये महिला को देने के लिए भेजा। महिला के साथ ही उसका दोस्त सुशील भी रुपये लेने पहुंच गया। आरोपी ने जैसे ही महिला को 50 हजार रुपये दिए तो उसे पुलिस की टीम ने इशारा पाते ही दोनों को काबू कर कब्जे से ली गई 50 हजार की राशि भी बरामद कर ली।

### 4 जुलाई को संचालित होगी सी. सेकेंडरी परीक्षा

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार व सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) एक दिवसीय कम्पार्टमैंट परीक्षा तथा सैकेण्डरी (शैक्षिक) की कम्पार्टमैंट , पूर्ण विषय एवं अंक सुधार परीक्षाओं का आयोजन 4 जुलाई में करवाने का निर्णय लिया है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) की कम्पार्टमैंट की एक दिवसीय परीक्षा का आयोजन 4 जुलाई, 2025 को करवाया जाएगा।

## डिजिटल लॉकर के माध्यम से मिलेगी छात्रों को डिग्री-अंक तालिका: प्रो. सचदेवा


प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा आटोमेशन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डिजिटल लॉकर सेवा प्रारम्भ की गई है जिसके लिए प्रत्येक छात्र की एबीसी आईडी आवश्यक है। वे सोमवार को सीनेट हॉल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सत्र 2021 से उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों को अपनी एबीसी आईडी अवश्य बनवानी चाहिए और इसे संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक को प्रस्तुत करना चाहिए। एबीसी आईडी के बिना छात्रों की डिग्री और डीएमसी डिजिलॉकर पर अपलोड नहीं की जा सकेगी। सभी छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी एबीसी आईडी का विवरण संबंधित विभाग को गूगल फॉर्म या ईमेल के माध्यम से शीघ्र प्रस्तुत करें।








# आईपीएल को आज मिलेगा नया चैंपियन, बेंगलुरु-पंजाब के पास 18 साल का खिताबी सूखा खत्म करने का मौका

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है।



### पंजाब का मध्यक्रम मजबूत

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है।

### बेंगलुरु खेलेगा चौथा फाइनल

आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। पंजाब की टीम 2014 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची है। पंजाब की तरह ही आरसीबी ने भी अब तक कभी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। ऐसे में यह तय है कि आईपीएल को इस बार नया चैंपियन मिलेगा। आरसीबी की टीम इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन तीनों बार उसे हार मिली है। पंजाब को 2014 में फाइनल में केकेआर ने हराया था।

### कोहली आरसीबी के मुख्य स्तंभ

कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड ने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

### अय्यर नए नेतृत्वकर्ता

पंजाब के अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

खास खबर

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला



**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने अपनी पारी में 139 गेंद का सामना किया तथा 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।

## अय्यर और पंड्या पर लगा भारी जुर्माना



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर यहां आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अय्यर पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

## पंजाब ने खुद को नंबर-1 के लिए तैयार किया



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
| --- | --- |
|  |  |
| साई सुदर्शन | प्रसिद्ध कृष्णा |
| 759 रन | 25 विकेट |
| गुजरात | गुजरात |

## खबर संक्षेप



### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं। सितंबर में बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान नए चुनाव होने तक वह बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी




**रोसारियो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाजू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: गुकेश ने नंबर-1 कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डी ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उन्होंने नॉर्वे चेस 2025 के छठे राउंड में मैग्नस कार्लसन को पहली बार क्लासिकल टाइम कंट्रोल में हरा दिया। इस हार से नाराज कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर घूंसा मार दिया। इससे सभी हैरान हो गए। गुकेश से हारने के बाद पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं कर पाए। उन्होंने मैच खत्म होते ही चेस पर गुस्से में घूंसा मारा, हालांकि उन्हें जल्द ही अपनी गलती का एहसान हो गया। उन्होंने तुरंत माफ़ी मांगते हुए विनर गुकेश को



जीत की बधाई दी। गुकेश ने जीत के बाद कोई अग्रेशन नहीं दिखाया, वह सिर्फ कार्लसन से हाथ मिलाने के बाद चुपचाप अपनी सीट से उठे और हाथों को अपने मुह में दबाकर एक जगह खड़े हो गए। मानों उन्हें खुद भी यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने ये कर दिखाया, उन्होंने पूर्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है।

### कार्लसन का घमंड चकनाचूर

आपको बता दें कि 19 वर्षीय गुकेश पहले राउंड में कार्लसन से हार गए थे। इस जीत के बाद कार्लसन ने एक पोस्ट भी किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि 'जब आप राजा के खिलाफ खेलते हैं तो चूकना नहीं चाहिए।' शायद वह इस पोस्ट के जरिए बताना चाहते थे कि उन्हें हराना बहुत मुश्किल हैं, लेकिन गुकेश ने अपने खेल से ही इसका करारा जवाब दिया।

### धैर्य और अनुशासन से जीता मैच

सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए गुकेश ने पूरे खेल में धैर्य और अनुशासन बनाए रखा। उन्होंने इंक्रीमेंट टाइम कंट्रोल में वापसी की, जबकि इससे पहले ज्यादातर समय कार्लसन ने बढ़त बनाए रखी थी। गुकेश ने कार्लसन की एक गलती का फायदा उठाकर बाजी पलट दी।




### नटराज ने सिंगापुर में तैराकी में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

## 30 सितंबर से शुरू होगा महिला वनडे विश्व कप, भारत-श्रीलंका बने मेजबान

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आएगा




और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि पाकिस्तान और बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, 'यह टूर्नामेंट बेंगलुरु में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है।' पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा गत चैंपियन आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

नई दिल्ली। एथलेटिक्स नैतिकता इकाई ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन के कारण प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों के कारण अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। मई में एआईयू ने 14 खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया था जिसमें से पांच कीनिया के और तीन भारत के थे।

### सात्विक और चिराग इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन में देंगे चुनौती

**जकार्ता।** पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर पुरस्कार राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। फिटनेस हासिल करने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनकी कोशिश इस टूर्नामेंट में और आगे तक पहुंचने की होगी ताकि वे 2023 में जीती गई ट्रॉफी को फिर से हासिल कर सकें। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल लगातार खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। पहले दौर में उनका सामना जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से होगा। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की बाएं हाथ की खिलाड़ी सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

## महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट श्रीलंका से स्थगित

- मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति और स्वास्थ्य चिंताएं बनी कारण

**लाहौर।** एशियाई क्रिकेट परिषद ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

### फ्रांस की गैर वरीय लुईस ने पेगुला को हराया

**पेरिस।** फ्रांस की गैर वरीय 21 साल की लुईस बोइसन ने सोमवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम में अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर उलटफेर करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बोइसन कभी भी फ्रेंच ओपन में नहीं खेली हैं और वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली 361वीं रैंकिंग की इस खिलाड़ी ने पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। पेगुला पिछले साल अमेरिकी ओपन की उप विजेता थीं। स्थानीय खिलाड़ी बोइसन बुधवार को क्वार्टरफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से खेलेंगी।


हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

VIVADON SE SAMADHAN SCHEME (VSSS) 2024

विवादों से समाधान योजना - 2024

ध्यान दें! HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अवसर!

क्या आप अपने प्लॉट की लंबित एन्हांसमेंट (Enhancement) लागत से परेशान हैं?

कम राशि में भुगतान करने का सुनहरा मौका।

VSSS-2024 के तहत, आप अपनी बकाया एन्हांसमेंट (Enhancement) राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। यह सीमित समय के लिए विशेष अवसर है, जिससे आप अपनी देनदारियां आसानी से समाप्त कर सकते हैं।

- कम भुगतान करें – VSSS 2024 के तहत रियायती दर पर निपटान
- झंझट मुक्त प्रक्रिया – कोई कानूनी जटिलता नहीं
- सीमित समय के लिए ऑफर – अभी आवेदन करें!

यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट, फ्लोर वाइस रजिस्ट्रेशन, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आबंटियों और प्लॉट धारकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान करती है।

590 आबंटी पहले ही इस पहल का लाभ उठा चुके हैं, और अब आपकी बारी है इस अवसर का लाभ उठाने की!

इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2025 है। प्लॉट धारक इस तिथि से पहले इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

HSVP
Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HUDA Complex, Sector 6,
Panchkula - 134109, Haryana,
Email: ao2branch24@gmail.com

विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए https://vsss.hsvphry.org.in/ पर जाएं

## चिंतन

# यूक्रेन के प्रहार से रूस संग शांति उम्मीद क्षीण

दुनिया के प्रमुख देशों के प्रयासों के बावजूद यूक्रेन और रूस के बीच तीन वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध को खत्म कराने में सफलता नहीं मिली। वैश्विक संगठन के तौर पर संयुक्त राष्ट्र भी कोई सक्रिय भूमिका नहीं निभा सका। आज रूस व यूक्रेन जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के अब तक सबसे बड़े हमले रूस में घुस कर करने के बाद रूस की ओर से भीषण जवाबी हमले का खतरा बढ़ गया है। इसमें रूस वारहेड हमला कर सकता है या परमाणु अटैक कर सकता है। ऐसा होता है तो हमले के बाद विनाश यूक्रेन तक ही सीमित नहीं होगा, यह यूरोप को प्रभावित कर सकता है। खास बात यह है कि यूक्रेन ने यह हमला तुर्किये में दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति वार्ता से ठीक एक दिन पहले किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमीर जेलेंस्की ने तर्क दिया हे कि अब रूस वार्ता की टेबल पर आने के लिए मजबूर होगा। लेकिन इसकी उम्मीद इसलिए कम प्रतीत हो रही है, क्योंकि रूस इस युद्ध को लेकर कभी दबाव में नहीं रहा, अमेरिका और यूरोप के प्रमुख ताकतवर देशों के खुले तौर पर यूक्रेन के साथ होने व उन्हें आर्थिक व सैन्य मदद करने के बावजूद रूस पिछले तीन वर्ष से अपने दम पर युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा भी कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध खत्म कराने के दावे भी फुस्स साबित हुए हैं। अमेरिका ने सऊदी अरब में रूस व अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता जरूर कराई, लेकिन जेलेंस्की के साथ ट्रंप के अराजनयिक रवैये के चलते और यूरोप के अमेरिकी कैंप से छिटक कर यूक्रेन संग जाने के चलते युद्ध खात्मे की उम्मीद धराशायी होती गई। अब तो ट्रंप अपने दावे को लेकर कोई बात तक नहीं कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए सोमवार को तुर्किये में एकत्रित हुए। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने कहा कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव के नेतृत्व में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बैठक के लिए इस्तांबुल में है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेदिंस्की के नेतृत्व में रूसी प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम को तुर्किये पहुंच गया था। लेकिन रविवार रात में ही यूक्रेन ने 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' के जरिये रूस के अंदर करीब 4000 किलोमीटर तक घुस कर रूस के कई फाइटर जेट (40 से अधिक) पर महाप्रहार कर नष्ट कर दिया। ऐसे सूरते हाल में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में रूस व यूक्रेन के बीच इस वार्ता में किसी भी प्रगति की उम्मीद क्षीण है। यूक्रेन का रूस पर महाप्रहार वर्ष 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका पर जापान द्वारा किया गया पर्ल हार्बर जैसा अचानक व भीषण है। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर एटम बम गिराया था। रूस अगर बदला लेता है तो इस बार ऐसे खतरे के निशाने पर यूरोप है। रूस ने वारहेड जैसा कोई कदम उठाया तो तीसरे विश्वयुद्ध के छिड़ने का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। यूक्रेन व रूस के बीच नए तनाव के बाद इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार क्षीण हो गए हैं, तुर्किये में वार्ता भी महज औपचारिक रह गई। रूस के राष्ट्रपति पुतिन को समझदारी दिखानी होगी, किसी भी नए विनाश का रास्ता चुनने से पहले वैश्विक शांति और मानव कल्याण के ध्येय को आगे रखना होगा। यूं तो दो दो विश्वयुद्ध दुनिया झेल चुकी है, लेकिन इससे केवल मानवता ही हारी, किसी की जीत नहीं हुई थी। अभी भी रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से मानवता ही हार रही है। परमाणु विनाश के उदाहरण हिरोशिमा व नागासाकी के रूप में हमारे सामने हैं।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# राफेल सौदे पर संशय के बादल

**फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। भारत सरकार द्वारा फ्रांस से 2016 में 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।**

फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। भारत की इच्छा थी कि इस कूट तकनीक के मिलने के बाद भारत अपनी ब्रह्मोस जैसी स्वदेशी मिसाइलें और अन्य रक्षा प्रणालियां राफेल में जोड़कर उसे बहुआयामी रूपों में इस्तेमाल कर लेगा, लेकिन कूट संकेत के बिना यह संभव नहीं है। इस कारण राफेल सौदा निरस्त भी हो सकता है। एक समय था जब फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी खूब गलबहियां डाले दिखाई देते थे। अब उसी फ्रांस ने भारत को कूट संकेत देने से मुंह फेर लिया है। यह सोर्स कोड मूल रूप में एक सॉफ्टवेयर होता है। इससे पहले भी भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन कावेरी के लिए फ्रांसीसी कंपनी ने भारत को मदद से मना कर दिया था।

किसी भी विमान या कंप्यूटर आधारित संचार प्रणाली से जुड़े विमान या उपकरण के लिए कूट संकेत प्रोग्रामर द्वारा तैयार किया जाता है। इसी के दर्ज होने पर कंप्यूटर प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। यानी कंप्यूटर कूट संकेत या सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। दरअसल प्रोग्रामर का सोर्स कोड निर्देशों का एक ऐसा समूह होता है, जो प्रोग्राम को संचालित करने का काम करता है। सोर्स कोर्ड लिखने की प्रक्रिया को आमतौर पर कोडिंग या प्रोग्रामिंग कहते हैं। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। नतीजतन भारत ने फ्रांस से जिन 26 राफेल मरीन विमानों की खरीद का सौदा करने की तैयारी की है, यदि वह इन विमानों को खरीद लेता है तो इस कोड के बिना राफेल में ब्रह्मोस मिसाइल व अन्य स्वदेशी हथियारों की संचालन प्रक्रिया राफेल में लोड नहीं कर पाएगा। तब ये हथियार चलाए ही नहीं जा सकेंगे। राफेल से वही हथियार चलाए जा सकेंगे, जो फ्रांस से खरीदे जाएंगे। फ्रांस संभवतः यह तकनीक इसीलिए नहीं दे रहा है, जिससे भारत की मजबूरी फ्रांस से हथियार खरीदने की बनी रहे। यह सौदा टूटता है तो भारत इसकी जगह रूस के एसयू-57 लड़ाकू विमान खरीद सकता है। रूस विमान के साथ कूट संकेत देने को राजी है। अतएव भारत अपनी मिसाइल और अन्य मारक हथियारों को इस विमान से शत्रु पर दाग सकता है। इस नाते भारत स्वदेशी हथियारों के निर्माण में आगे बढ़ेगा। साथ ही अपने हथियारों को विदेशी बाजार में बेचने को भी स्वतंत्र रहेगा। भारत सरकार की मंषा स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। इस दृष्टि से भारत ने वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक डीप पेनिट्रेशन एडवांस मीडियम काम्बैट एयरक्रॉप्ट (एएमसीए) को स्वदेश में ही विकसित करने की बड़ी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को अंजाम देने का काम सरकारी और निजी कंपनियों को संयुक्त भागीदारी से आगे बढ़ेगा और पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक लड़ाकू विमानों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वस्तुतः सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) सरकार से सरकार के बीच



सौदे के तहत 64 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम (मैरी टाइम) विमानों की खरीद को अंतिम रूप दे चुकी है। इन्हें विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सुरक्षा के लिए खरीदा जा रहा था। इनमें 22 एक सीट वाले और 4 दो सीट वाले लड़ाकू विमान खरीदे जाते। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप के बीच इन विमानों को खासतौर पर भारतीय नौसेना के लिए डिजाइन किया गया था। राफेल विमानों की इस खरीद में फ्रांस सरकार की ओर से नौसेना के लिए हथियार, सिम्युलेटर, कलपुर्जे, सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स और पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जाना शामिल था। डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित इन राफेल एम विमानों की अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद 37 से 65 महीनों के भीतर सप्लाई होनी थी। यानी सभी विमानों की आपूर्ति 2030-31 के भीतर हो जाएगी। यह विमान भारतीय नौसेना के परिचालन जरूरतों पर पूरी तरह से खरा उतरा तब इसकी खरीद को मंजूरी दी गई है। फ्रांस से 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं, लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।

यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों के हिसाब से ही विकसित किया गया है। इसमें वे सभी आधुनिकतम समुद्री प्रणालियां संलग्न थीं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसके समुद्री जल में भीतर चलने वाले उपकरणों का सुराग लगाया जा सकता है। इसमें युद्धपोतों के अलावा पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए भी उच्च तकनीकी क्षमता के रडार लगे हुए थे। ऐसे विमानों की तलाश में भारत लंबे समय से था, क्योंकि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन नाजायज वर्चस्व बढ़ाने में लगा है। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। फ्रांस की मंशा भी इस सागर को खुले और समावेशी क्षेत्र के रूप में सुरक्षित बनाए रखने की रही है। एक तरह से इन विमानों के सौदे को चीन की मनमानी के विरुद्ध भारत और फ्रांस की साझा रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा था। भारत ने 2016 में भी 36 राफेल विमान खरीदे थे। ऑपरेशन सिंदूर में इन विमानों ने अपनी विलक्षण युद्ध क्षमता दिखाकर भारत की वायु शक्ति का परचम पूरी दुनिया में फहराया। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। भारत सरकार पिछले पांच साल से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर विचार कर रही थी। तीन साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ-ए 18 सुपर हार्नेट और फ्रांसीसी राफेल-एम में से किसी एक को चुनने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया था। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में दोनों विमानों के परीक्षण किए। इनकी खूबियों और खामियों को लेकर गंभीर अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के बाद भारतीय रक्षा विशेषज्ञों ने राफेल-एम को आईएनएस विक्रांत की जरूरतों के अनुकूल पाया, जबकि बोइंग एफ-ए 18 को लेकर विशेषज्ञों के बीच एक राय नहीं बन पाई थी, इसलिए राफेल एम खरीदने का रास्ता खुल गया था, किंतु अब भारत रूसी लड़ाकू विमान एसयू-57 को खरीदने का विचार कर रहा है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन एसयू-57 लड़ाकू विमान की प्रौद्योगिकी और सोर्स कोड भारत को देने को तैयार हैं। रूसी कंपनी कह चुकी हैं कि वह न सिर्फ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को, बल्कि भारत में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के लिए भी तैयार है। अभी तक पश्चिमी देशों की तुलना में वह रूस ही है, जो भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त रहा है। 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में रूस ने ही अपना जहाजी बेड़ा भारतीय समुद्र में भेजकर भारत का आत्मबल बढ़ाने का काम किया था। फलतः भारत ने न केवल पाकिस्तान का भूगोल बिगाड़कर नया देश बांग्लादेश बनवाया, साथ ही 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार डलवाकर दुनिया का सबसे बड़ा सैनिक समर्पण भी कराया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ट्रेन पलटाने का षड्यंत्र
विकेश कुमार बडोला



# रेल मार्ग की सुरक्षा मजबूत हो

ऑपरेशन सिंदूर की गंभीरता और विजयी प्रतिष्ठा को अनावश्यक विवाद का विषय बनाते हुए विपक्ष व देशद्रोहियों द्वारा पाक के साथ अल्पसंघर्ष की समयावधि में अपनी युद्धक हानियों के बारे में पड़ताल करने की मंशा भितरघातियों को देश के वर्चस्व के विरुद्ध षड्यंत्र करने के लिए उकसा रही है। इस का नवीनतम उदाहरण है दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर बलवा गांव के समीप ट्रेन पटरी पर दुर्घटना के मकसद से रखा गया 12 फुट लंबा लोहे का पाइप। 31 मई को रात 10.30 बजे का समय था, जब ट्रेन चालक ने दूर से ही पटरी पर रखा हुआ पाइप देख आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। इस घटना में चालक के सेवा-दायित्व भाव, सतर्कता, सूझबूझ और मानवीयता के गुणों ने बड़ी रेल दुर्घटना होने से रोक दी। रेलवे विभाग, पुलिस और संबंधित विभागों को घटना की सूचना मिलते ही सभी अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हो गए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला है कि लोहे का पाइप पास ही के किसी नलकूप से उखाड़ा गया है। अधिकारियों ने इस आशंका को नकारा भी नहीं है कि पाइप को ट्रेन पलटाने के मकसद से रखा गया हो। कुछ अधिकारियों ने यह संदेह भी व्यक्त किया है कि संभवतः चोरी के बाद पाइप को गलती से पटरी पर रख दिया गया हो। पुलिस और रेलवे अधिकारियों को घटना की पूरी जांच करने के बाद ही मीडिया में वक्तव्य देने चाहिए। जांच में यह बिंदु सम्मुख अवश्य रखना चाहिए कि ट्रेन को पलटाने और लोगों को मारने के मकसद से ही ऐसा किया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह पहली बार नहीं हो रहा। ऐसे षड्यंत्रों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई भी हैं। उड़ीसा के बालासोर और पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के समीप 2 जून 2023 को रात्रि 7 बजे हुई घटना हाल ही की बड़ी रेल घटना है, जिसमें वेस्ट बंगाल कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी में भीषण टक्कर हो जाने के कारण कई लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। हालांकि रेल कार्यक्रम के आरंभिक और अंतिम अनुरक्षण की दिशा में विगत दस वर्षों में अत्यंत नवोन्नत प्रगति दिखाई दे रही है। इस समयावधि में रेलवे ने हर दृष्टि से विश्वस्तरीय उन्नति की है किंतु निर्जन स्थानों, जंगलों और नगर-महानगरों से सुदूर एकांत स्थानों पर रेल पटरियों की अपेक्षित रक्षा-सुरक्षा अभी भी चुनौतियों से घिरी हुई है। विगत दस वर्षों में ऐसा अनेक बार हो चुका है, जब चलती ट्रेनों को षड्यंत्रपूर्वक विपथ करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। इस कारण कई ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त भी हुईं। इनमें कई सौ लोगों की मृत्यु हुई। अनेक घायल हुए। यह बड़ी षड्यंत्रपूर्वक की गईं घटनाएं हैं, जो अनुभव देती हैं कि अमानवीयता की पराकाष्ठा लांघ चुके षड्यंत्रकारियों की ढूंढ-पहचान कर इन्हें त्वरित मृत्युदंड दे दिया जाना चाहिए। दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस के मार्ग की पटरी पर लोहे का बड़ा पाइप रखा हुआ पाया जाना गलती नहीं है। यह तो शत-प्रतिशत षड्यंत्र है। इस षड्यंत्र के तार घूमफिर कर पाकिस्तान से जाकर मिलते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में आमने-सामने के युद्ध में भारत द्वारा परास्त पाकिस्तान और देश के भीतर छिपे उसके समर्थकों के भीतर प्रतिशोध की अग्नि भड़की हुई है, जो उन्हें कभी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रश्नचिह्न लगाने के लिए उकसा रही है तो कभी भारत के विरुद्ध जासूसी करने के लिए दुष्प्रेरित कर रही है। ट्रेनों को पलटाने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र करना ऐसे देशघातियों के लिए सुगम और आसान काम रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को रात्रि के अंधेरों में फोड़फाड़ कर षड्यंत्रकारी कभी पटरियों के पेच-पुर्जे खोल देते हैं, कभी ट्रैक की किसी वस्तु को यहां-वहां खिसका देते हैं। हालांकि महाकुंभ की समयावधि में रेलवे पर आए सुरक्षा दायित्वों के आलोक में दूरदराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्गों की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में देशभर के स्थानीय ग्रामीणों ने रेलसाथी बनकर मार्गों की सुरक्षा का स्वैच्छिक दायित्व उठाया था, लेकिन चूंकि भारतीय रेल मार्ग बहुत बड़े हैं, इसलिए रेलसाथियों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वैच्छिक सुरक्षा सेवाएं भी तब निष्फल लगती हैं। शासन को रेलवे की सुरक्षा के लिए यह बिंदु प्रमुखता से सम्मुख रखना होगा कि जब तक भारत के दाएं-बाएं शत्रुता के दुर्भाव से भरे हुए देश हैं और जब तक भारत के भीतर द्रोहियों की उपस्थिति बनी रहती है, तब तक न सीमाओं पर शांति होगी और न ही भीतर लोग सुरक्षित होंगे। इस संदर्भ में रेलवे पुलिस की कार्यशक्तियों में वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकता है। इसके अंतर्गत रेलवे पुलिसिंग को नवोन्नत रक्षा उपकरणों से सुसज्जित किया जा सकता है। रेलमार्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी यह है कि संभावित दुर्घटना के संबंध में पूर्व जानकारी प्राप्त करने की कार्यशालाएं चलाई जाएं ताकि रेलवे को अचूक सुरक्षातंत्र द्वारा शक्तिबंध किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सर्वनाश की ओर पाकिस्तान

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों के कातिलाना हमले ने देश को एक बार फिर झकझोर कर रखा दिया है। भारत स्थिति के सामान्य होने की भ्रांति में कुछ बेफिक्र होते ही आतंकवादी मौके का लाभ उठाकर चुन-चुन कर सैलानियों का कत्ल कर नौ दो ग्यारह हो गए। बात वही कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। यही क्रम बार-बार आवृत्त होता है। लगता है शत्रु हमें धता बता कर चलता बनता है। यहां पूर्व के तीन निर्णायक भारत-पाक युद्धों की सार्थकता युक्तियुक्त प्रतीत होती है। शत्रु जानता है आमने-सामने की लड़ाई में वह नहीं ठहर पाता। अतः वह छद्म युद्ध कर भारत को बहुत अधिक हानि पहुंचा चुका है। – **विक्रांत जोशी**, धमतरी

## करंट अफेयर

# रूस को संदेश देने के लिए रक्षा खर्च बढ़ाएगा ब्रिटेन

रूस को संदेश देने के लिए ब्रिटेन परमाणु ऊर्जा से संचालित नयी हमलावर पनडुब्बियां बनाएगा और यूरोप में युद्ध के लिए तैयार सेना का गठन करेगा।



ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने तीन दशक से अधिक समय पहले शीत युद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटेन की रक्षा नीति में सबसे बड़े बदलाव करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लंदन "रूस से उत्पन्न खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकता।" स्टॉर्मर ने 'बीबीसी' से कहा, "हमें यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया बदल गई है। आज पिछले कई वर्षों से कहीं ज्यादा अस्थिरता और खतरे हैं।" ब्रिटिश सरकार को स्टॉर्मर की ओर से ब्रिटेन के पूर्व रक्षा सचिव एवं नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व में की गई रणनीतिक रक्षा समीक्षा पर सोमवार को प्रतिक्रिया देनी है। यह 2021 के बाद अपनी तरह की पहली समीक्षा है, जो 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच हुई है। ब्रिटिश सरकार ने कहा है कि वह समीक्षा में की गई सभी 62 सिफारिशों को स्वीकार करेगी, जिनका मकसद जमीन, हवा, समुद्र और साइबरस्पेस में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने में ब्रिटेन की मदद करना है।

## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती

हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस



आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है – जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया – जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि – नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।

## ट्रेंड

### एथलीटों को शुभकामनाएं



भारत को हाल ही में दक्षिण कोरिया में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है। हर एथलीट क दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं।
-**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जरूरतमंद को तुरंत मदद मिले



पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद है। मैं केंद्र और राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि हर जरूरतमंद तक तुरंत सहायता पहुंचाई जाए।
-**राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### त्याग की भावना जरूरी



आपको आनंदित होने के लिए दुनिया को ठीक करने की ज़रूरत नहीं है, आनंदित होने के लिए, आपको त्याग की भावना की ज़रूरत है, खुद को त्यागना-यहां सिर्फ़ जीवन के एक हिस्से के रूप में रहना, बिना किसी 'मैं कौन हूं' की भावना के।
-**सद्गुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### देविका को बदले में क्या मिला




9 साल की उम्र में, उसने 26/11 के हमलों में गोलियों का सामना किया। उसने आंखों में आंखें डालकर अजमल कसाब को फांसी पर चढ़ाने की गवाही दी। देविका रोटावन को बदले में क्या मिला? कोई नौकरी नहीं। कोई सहारा नहीं। सालों तक कोई घर नहीं।
-**हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### हुसैन की 25 पेंटिंग की नीलामी 12 को होगी



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की मंजूरी के बाद दिवंगत भारतीय चित्रकार एम एफ हुसैन की 25 दुर्लभ पेंटिंग की 12 जून को नीलामी होगी। पहले इस पर रोक थी। 'एम एफ हुसैनः एक कलाकार का 20वीं सदी का दृष्टिकोण' वाली नीलामी में 'हुसैन ओ.पी.सी.ई. - अवर प्लेनेट कॉल्ड अर्थ' श्रृंखला के तहत चित्रित 25 कैनवास शामिल हैं।

### माओवादियों से 2.5 टन विस्फोटक सामग्री जब्त



**भुवनेश्वर।** सुरक्षा बलों ने ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक सामग्री सोमवार को बरामद कर ली। राज्य के एसओजी, सीआरपीएफ, झारखंड के 'जगुआर' बल और सुंदरगढ़ के जिला स्वैच्छिक बल के सुरक्षाकर्मियों ने ओडिशा-झारखंड सीमा पर संयुक्त अभियान में 2.5 टन विस्फोटक बरामद किया।

### आतंकी मामले में ठाणे में 12 हिरासत में



**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई। एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस कीमदद से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली में छापेमारी की।

### छग : सरकार की मुहिम ला रही रंग, मुख्य धारा से जुड़ रहे नक्सल संगठन

# 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त

एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

#### गांव आपका अच्छा गांव योजना से प्रभावित

चव्हाण ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की 'नियद नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुविधाजनक बनाना है। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों की केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) कंपनी नंबर दो की सदस्य रीता उर्फ डोडी सुक्की (36) और माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर एक के एक पार्टी सदस्य राहुल पुनेम (18) के सर पर आठ—आठ लाख रुपए का इनाम था।




#### तीन लाख रुपये का इनाम घोषित

उन्होंने बताया कि इसके अलावा लेकम लखमा (28) पर तीन लाख रुपये तथा तीन अन्य नक्सलियों के सर पर दो—दो लाख रुपए इनाम था। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से नौ केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। उनके आत्मसमर्पण के बाद, यह ग्राम पंचायत नक्सल मुक्त हो गयी है।

#### सभी नक्सलियों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई

अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की एलवद पंचायत योजना के अनुसार, गांव को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की नई नक्सल आत्मसमर्पण/पीड़ित सहायता एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत राज्य सरकार ने 'एलवद पंचायत योजना' शुरू की है, जिसमें उन ग्राम पंचायतों के लिए एक करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत करने का प्रावधान है, जो अपने क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में मदद करेंगे तथा खुद को माओवाद मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पारित करेंगे। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में प्रोत्साहन योजना शुरू किए जाने के बाद जिले में यह दूसरी ऐसी ग्राम पंचायत है, जो इस समस्या से मुक्त हुई है। इस वर्ष अप्रैल माह में बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त घोषित किया गया था, जब वहां के सभी नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आज मंत्रिपरिषद की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगे मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भी बोल सकते हैं।



#### सरकारी नीतियों के कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की जाएगी

प्रधानमंत्री ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवादी कृत्यों में पाकिस्तान की भूमिका का जवाब देने के लिए भारत के नये रुख को रेखांकित करता है। उन्होंने भविष्य में भारतीय धरती पर किसी भी आतंकवादी घटना की स्थिति में आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने का संकल्प जताया है।

### आईआरएस अधिकारी के ठिकानों से एक करोड़ नकद और 3.5 किलो सोना जब्त

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी अमित कुमार सिंघल के परिसरों की तलाशी के दौरान एक करोड़ रुपये नकद और 3.5 किलोग्राम सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में उनके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### 'अगली कोविड महामारी' अभी खत्म नहीं हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल में कहा कि 'अगली कोविड महामारी' अभी खत्म नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने नमूने एकत्र करने, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए केंद्र सरकार की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि यह आशा है कि इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे और प्रोटोकॉल लागू होंगे।

### आज भोपाल आएंगे राहुल

## तीन बैठकें लेकर कांग्रेस के अधिवेशन में भी लेंगे हिस्सा

**भोपाल (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मध्यप्रदेश की एकदिवसीय यात्रा पर राजधानी भोपाल आएंगे और मिशन 2028 के लिए पार्टी की जमीनी स्तर पर मजबूती तथा कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार करने के मकसद से शुरु होने वाले 'संगठन सृजन अभियान' का उद्घाटन करेंगे। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव और पूर्व सांसद सज्जन वर्मा ने सोमवार को यहां आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यादव ने कहा, "जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के उद्देश्य से 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत हो रही है। हम राज्य में लंबे समय से सरकार में नहीं हैं और मिशन 2028 के तहत हम फिर से राज्य में अपनी सरकार बनाने के लिए काम करेंगे।" कांग्रेस कमलनाथ के नेतृत्व में दिसंबर 2018 से मार्च 2020 के बीच 15 महीने की संक्षिप्त अवधि के लिए राज्य की सत्ता में थी। इसे छोड़कर, कांग्रेस 2003 से मध्य प्रदेश में सत्ता से बाहर है।



### कांग्रेस नेताओं के बर्ताव से दुखी होकर बोले सलमान खुर्शीद

## क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल? लोग राजनीतिक फायदे के लिए बातें कर रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद आजकल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एक मिशन पर विदेश दौर पर गए हुए हैं। वह एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर अलग-अलग देशों में जा रहे हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जब आतंकवाद के खिलाफ मिशन पर हों, दुनिया को भारत का संदेश देने के लिए, तो यह देखकर दुख होता है कि लोग राजनीतिक फायदे के लिए बातें कर रहे हैं। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? सलमान खुर्शीद जनता दल (यू) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

#### समर्थन में आवाज उठाना जरूरी



खुर्शीद ने कहा कि उनसे लगातार कई सवाल पूछे जा रहे हैं, जो 'उत्साहजनक नहीं हैं जब आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि लोग कहते रहते हैं कि आप भाजपा के लोगों के साथ एक प्रतिनिधिमंडल में क्या कर रहे हैं। आप वहां क्या कर रहे हैं? हम यहां वह कर रहे हैं जो देश के लिए जरूरी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस पार्टी से हैं, आज जो जरूरी है, वह देश के समर्थन में एक आवाज है और हम वही कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जब मैं कहता हूं कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? - यह सवाल उन लोगों से पूछा जाना चाहिए जो ट्वीट कर रहे हैं और ऐसी बातें कह रहे हैं जो मुझे लगता है कि उत्साहजनक नहीं हैं जब आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं।

### नड्डा की अध्यक्षता में तिरंगा रैली निकली

## भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा शहर

एजेंसी ▶▶ सोलन

हिमाचल के सोलन में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने होटल पैरागॉन से लेकर विवांटा मॉल तक जीप में सवार होकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद व इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारों से शहर गूंज उठा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, डॉ. सिकंदर कुमार, डॉ. राजीव बिंदल सहित अनेक नेता मौजूद रहे।



### आरबीआई ने जानकारी दी

## अभी भी 2000 के 6,181 करोड़ के नोट बाजार में ही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने के 2साल बीत जाने के बावजूद 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट अभी भी लोगों के पास हैं। आरबीआई की तरफ से सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा वापस लेने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। 2000 के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।








## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया और एयर मॉरिशस में साझेदारी



**नई दिल्ली।** भारत की अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन एयर इंडिया और मॉरिशस की राष्ट्रीय एयरलाइन एयर मॉरिशस ने अपनी कोडशेयर साझेदारी को और मजबूत किया है। यात्रियों को अब भारत, मॉरिशस, रीयूनियन, दक्षिण अफ्रीका और मेडागास्कर के बीच बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। नए समझौते के तहत, दोनों एयरलाइंस अब कुल 17 मार्गों पर कोडशेयर करेंगी।

### फिलिस्तीन के समर्थन में दिया भाषण, लगा प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क।** मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने गाजा में युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद छात्रा मेघा वेमुरी को दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया। एमआईटी की 2025 की कक्षा अध्यक्ष मेघा वेमुरी ने कहा कि भाषण के बाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नेतृत्व ने उन्हें बताया कि उन्हें शुक्रवार के दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई है। कार्यक्रम समाप्त होने तक उन्हें परिसर में आने से रोक दिया गया है। स्कूल के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की।

### पीएम ने पराग्वे के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

# भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: मोदी





भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की। पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है।

**पीएम मोदी ने कहा** कि दोनों देशों के पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं

#### नए आयाम करेगी प्रदान यह यात्रा

मोदी ने कहा कि हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक-दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जहां हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। हम इन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

**साइबर क्राइम, संगठित अपराध से निपटने में करेंगे सहयोग**

#### पराग्वे के साथ 1961 से राजनयिक संबंध

भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे, उसके बाद दोनों देशों के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित हुए। तब से दोनों देशों ने व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देश संयुक्त राष्ट्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा और आतंकवाद का मुकाबला करने सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर समान विचार साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं।" उन्होंने कहा, "हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।"

**प्रधानमंत्री मोदी विदेश गए सातों डेलिगेशन से मिलेंगे**

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुनियाभर में हुई बातचीत पर लेंगे फीडबैक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही विदेशों का दौरा कर लौटने वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। यह बैठक 9 या 10 जून के आसपास होने की संभावना है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने विदेश दौरों की जानकारी और अनुभव प्रधानमंत्री को ब्रीफ करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया भर के 33 देशों का दौरा किया है और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष मजबूती से रखा है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात बड़े प्रतिनिधिमंडल विदेशों में गए थे।

**33 देशों का दौरा किया:** प्रतिनिधिमंडल लगभग 33 देशों में, जैसे कि अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे देशों का दौरा किया। प्रमुख दलों में शशि थरूर (कांग्रेस) ने अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा किया। रवि शंकर प्रसाद (भाजपा) यूरोप के प्रमुख देशों जैसे यूके, फ्रांस, जर्मनी, इटली, डेनमार्क और यूरोपीय संघ गए। शिवसेना के श्रीकांत शिंदे ने मध्य पूर्व और अफ्रीका के कुछ देशों की यात्रा की। वहीं, भाजपा के बैजयंत जय पांडा ने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया में भारत की बात रखी। इनके अलावा सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके) और संजय कुमार झा (जदयू) ने भी विभिन्न देशों का दौरा किया।

**मलेशिया में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा**

# पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते

**कुआलालंपुर (भाषा)।** मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि "पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।" कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया में प्रधानमंत्री के विभाग में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी और 'पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया' के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया।

### पाक में आतंक व सरकारी तंत्र एक साथ: रविशंकर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शांति और विकास को बाधित करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया "ऑपरेशन सिंदूर" का उद्देश्य पाकिस्तान समर्थित आतंकी शिविरों को समाप्त करना था। भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन निर्दोष भारतीयों की हत्या की कीमत आतंकियों को चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद और सरकारी तंत्र एक साथ हैं, इसलिए हर आतंकी घटना को युद्ध के रूप में देखा जाएगा।

### प्रतिनिधिमंडल मिस्र पहुंचा

**काहिरा (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में जानकारी देने के लिए मिस्र पहुंच गया है। प्रतिनिधिमंडल रविवार को इथियोपिया की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद काहिरा पहुंचा। मिस्र में भारत के राजदूत सुरेश रेड्डी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का मिस्र में खासा व्यस्त कार्यक्रम है, जिसमें मंत्रिस्तरीय बैठकें, थिंक टैंक, मीडिया, भारतीय समुदाय और अन्य लोगों के साथ बातचीत शामिल है। यह उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 देशों की राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा है, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक यह संदेश पहुंचाया जा सके कि पाकिस्तान का आतंकवाद से संबंध है।

### भारत के संकल्प को दोहराया

**मैड्रिड (भाषा)।** द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्पेन में आतंकवाद पीड़ितों के एक संगठन के साथ बैठक के दौरान "एक सुरक्षित और अधिक दयालु दुनिया" के लिए भारत के संकल्प को दोहराया और सीमा पार खतरों का सामना करने में नई दिल्ली के अनुभव को साझा किया। यह उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 देशों की राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा है, ताकि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक यह संदेश पहुंचाया जा सके कि पाकिस्तान का आतंकवाद से संबंध है।

- **स्पेन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 'सुरक्षित, अधिक दयालु दुनिया' बनाने का संकल्प दोहराया**

**वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले एफटीए पर वार्ता जारी**

# भारत-यूएस के बीच 2030 तक व्यापार 500 अरब डॉलर पहुंचेगा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका एक-दूसरे के कारोबार को तरजीही बाजार पहुंच देने के इच्छुक हैं और दोनों देशों के दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर मिलकर काम कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और मोदी ने 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की योजना की फरवरी में घोषणा की थी।

#### इस हफ्ते भारत आएगा एक दल

दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इस सप्ताह भारत आ रहा है। अमेरिका लगातार चौथे वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और देश के कुल वस्तु व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही। अमेरिका के साथ भारत का 2024-25 में वस्तुओं के मामले में व्यापार अधिशेष (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 41.18 अरब अमेरिकी डॉलर था। 2023-24 में यह 35.32 अरब अमेरिकी डॉलर, 2022-23 में 27.7 अरब अमेरिकी डॉलर, 2021-22 में 32.85 अरब अमेरिकी डॉलर और 2020-21 में 22.73 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।



**भारत को किस देश से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने चाहिए**

# राफेल का सोर्स कोड देने से फ्रांस का इनकार रूस ने एसयू-57ई जेट के साथ प्रस्ताव दिया

**नई दिल्ली/मॉस्को।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के बाद भारत में गंभीरता से इस बात पर चर्चा हो रही है कि क्या भारत को किसी देश से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने चाहिए या फिर स्वदेशी लड़ाकू विमान एएमसीए के फाइनल होने के लिए करीब 10 सालों का इंतजार करना चाहिए। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को खरीदना और फिर अपने बेड़े में लगातार बनाए रखने के लिए उनके मेंटिनेंस के लिए पानी की तरह पैसे बहाने की जरूरत होती है, लिहाजा भारत के लिए फैसला लेना आसान नहीं है। दूसरी तरफ फ्रांस जैसे देश हैं, जिसने भारत को राफेल लड़ाकू विमान का सोर्स कोड देने से इनकार कर दिया है। जिससे भारत के लिए राफेल लड़ाकू विमान में ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों को लगाना अत्यंत मुश्किल हो गया है। भारत राफेल का सोर्स कोड चाहता है ताकि ब्रह्मोस समेत अन्य देशी हथियारों को इसमें इंटीग्रेट कर सके, लेकिन राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट तैयार नहीं है। दूसरी तरफ रूस ने एसयू-57ई फाइटर जेट के साथ एक अभूतपूर्व प्रस्ताव दिया है। रूस ने एसयू-57ई को लेकर जो ऑफर दिया है, उसकी सबसे बड़ी खासियत मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही निर्माण, सोर्स कोड एक्सेस और भारतीय मिसाइलों के लिए ओपन आर्किटेक्चर शामिल है।



# कठुआ में फिर दिखे 3 संदिग्ध आतंकी, सर्च ऑपरेशन जारी

**जम्मू(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को फिर तीन संदिग्ध आतंकी देखे गए हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है, जो अभी जारी है। सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने बताया कि कठुआ के हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद नजदीक के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। अभियान में संयुक्त अभियान दल लगा हुआ है, जिसमें सेना और राज्य पुलिस बल के जवान शामिल हैं। आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने हीरानगर इलाके और उससे जुड़े राजमार्ग पर सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस के मुताबिक, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा बलों की टीम चौकन्ना है। जब भी कहीं संदिग्ध आतंकी देखे जाने की सूचना मिलती है, तो तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है।

**रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांतिवार्ता खत्म**

# कैदियों की अदला-बदली, 6000 मृत सैनिकों के शव भी लौटाएंगे

एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल

रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच नये दौर की प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किये में समाप्त हो गई। बैठक एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चली। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूसी सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। जेलेंस्की ने लिथुआनिया के विनियस में कहा कि दोनों पक्षों ने 'तुर्किये के माध्यम से दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया और हम नये सिरे से युद्धबंदियों की अदला-बदली की तैयारी कर रहे हैं।" शांति वार्ता में रूस और यूक्रेन युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली करने पर भी सहमत हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि 16 मई को हुई पिछली दौर की वार्ता के बाद दोनों पक्षों के 1,000 बंदियों की अदला-बदली हुई थी। जेलेंस्की के कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि यूक्रेन ने रूस को उन बच्चों की एक आधिकारिक सूची भी सौंपी है, जिनके बारे में कहा गया है कि उन्हें जबरन निर्वासित किया गया था और उन्हें वापस किया जाना चाहिए।

#### पुतिन नए हमले की तैयारी में

**पेरिस (एपी)।** अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है। ग्राहम ने पुतिन के बारे में कहा कि इस यात्रा से मुझे पता चला कि वह और अधिक युद्ध की तैयारी कर रहे हैं।

- **जेलेंस्की, मैक्रों से मिलने के बाद अमेरिकी सीनेट सदस्यों की टिप्पणी**

**चीनी फुस्स मिसाइल का पुर्जा-पुर्जा अलग करेंगे वैज्ञानिक**

# रिवर्स इंजीनियरिंग से पीएल 15ई की काट को समझेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच तीन दिनों से ज्यादा चले मिसाइल और ड्रोन हमले के बीच पंजाब के होशियारपुर जिले के कमाही देवी गांव के पास पाकिस्तान की नाकाम कोशिशों का मलबा मिला है। ये मलबा पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा जे-10सी या जेएफ-17 जेट द्वारा दागी गई चीनी पीएल-15ई मिसाइल का है। जो मलबा मिला है उसमें इस मिसाइल के महत्वपूर्ण हिस्से जैसे प्रोपल्सन, डेटा लिंक, इर्शियल यूनिट (जड़त्व इकाई) और एक अहम हिस्सा एडवांस्ड एक्टिव इलेक्ट्रानिकली स्कैंड एरे (एईएसए) साबूत मिला है।



#### भविष्य की मिसाइलों को मिलेगी मजबूती

*भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों ने ये मलबा अब अपने पास रख लिया है। इस मिसाइल को रिसर्च कर रिवर्स-इंजीनियरिंग के जरिए भारत अपने बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल प्रोग्राम को मजबूत कर सकता है। जैसे- अपग्रेडेड अस्त्र मिसाइल। भारत पीएल-15ई का अध्ययन कर इससे अपने प्रोग्राम के विकास में होने वाली दिक्कतों को दूर करेगा।*

#### क्या है रिवर्स इंजीनियरिंग

*रिवर्स इंजीनियरिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी उत्पाद, उपकरण, या तकनीक को उसके निर्माण के बिना उसके डिजाइन, संरचना, या कार्यप्रणाली को समझने के लिए विश्लेषण किया जाता है। इसमें किसी वस्तु या प्रोडक्ट को तोड़कर या डिकंपाइल करके उसकी आंतरिक संरचना, सामग्री, या तकनीकी विशेषताओं का अध्ययन किया जाता है ताकि उसे दोहराया जा सके, सुधारा जा सके, या उससे नई तकनीक विकसित की जा सके, या फिर उससे बेहतर प्रोडक्ट बनाया जा सके।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25